**खबर संक्षेप**

## गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर प्राचार्य निलंबित

मण्डला। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय निवास पिपरिया में निवासरत विद्यार्थियों के 15 अगस्त को सामूहिक रूप से स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर के द्वारा संस्था की जांच हेतु समिति गठित की गई थी। समिति में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर निवास एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी निवास ने संयुक्त रूप से 16 अगस्त को उक्त संस्था में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसमें 7 छात्राएं एवं 8 छात्रों को सर्दी, जुकाम एवं वायरल फीवर होने पर जिला चिकित्सालय मण्डला में भर्ती कराया गया। एक छात्रा को तेज बुखार एवं बेहोशी के कारण प्राथमिक उपचार के पश्चात 16 अगस्त को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर रिफर किया गया। छात्रा का ईलाज परिजनों की उपस्थिति में कराने तथा स्वास्थ्य में सुधार न होने के कारण परिजनों के द्वारा छात्रा को ईलाज हेतु नागपुर ले जाने पर ईलाज के दौरान 18 अगस्त को उसकी मृत्यु हो गई। संस्था के प्राचार्य श्रीमती मोनिका रोहिला के द्वारा विभागीय अधिकारियों को घटना की सूचना तत्काल न देने एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण न कराने पर संस्था प्राचार्य श्रीमती मोनिका रोहिला के विरूद्ध निलंबन कार्यवाही के प्रस्ताव आयुक्त राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली को भेजा गया था। इस संबंध में आयुक्त राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सिविल सेवा (सीसीए) नियम, 1965 के नियम 10 (1)(क) द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबित प्राचार्य श्रीमती मोनिका रोहिला का मुख्यालय राज्य ईएमआरएस सोसायटी भोपाल किया गया है।

### सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन की एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए राज्यपाल

# विवाह में आनुवांशिक कार्ड का हो मिलान

*** सिकल सेल के उन्मूलन के लिए सक्रिय जनभागीदारी आवश्यक।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में कल ग्राम सेमरखापा एकलव्य आदर्श विद्यालय ऑडीटोरियम में परंपरागत चिकित्सा का स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान एवं सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की बीमारी आनुवांशिक है। इसके उन्मूलन के लिए व्यापक जनजागरूकता आवश्यक है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस रोग के उन्मूलन में सभी के योगदान की आवश्यकता पर बल दिया है। उनके नेतृत्व में शहडोल जिले से वर्ष 2023 से सिकल सेल उन्मूलन का अभियान शुरू हुआ। तब से लेकर अब तक देश में 7 करोड़ लोगों की जाँच की जा चुकी है। जिसमें मध्यप्रदेश में एक करोड़ 14 लाख व्यक्तियों की जांच की गई है। इनमें 2 लाख 13 हजार 470 लोग सिकल सेल के संवाहक तथा 31 हजार 203 मरीज मिले हैं। यह बीमारी भारत में ही नहीं दुनिया के अन्य देशों में भी पाई जाती है। जनजातीय क्षेत्रों में यह बीमारी प्रायः देखी जा रही है।

राज्यपाल श्री पटेल ने ऑडीटोरियम में मौजूद सभी लोगों से आग्रह किया है कि विवाह के पहले लड़के-लड़कियों को अपने सिकल सेल एनीमिया आनुवांशिक कार्ड का मिलान अवश्य कराना चाहिए। सिकल सेल से पीड़ित व्यक्ति का चिन्हांकन एवं त्वरित रोग उपचार ही इस बीमारी से बचा सकता है। जितनी जल्दी इस रोग का पता चलेगा, इसे नियंत्रित करने की संभावना उतनी अधिक होगी। अतः स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर सिकल सेल एनीमिया की जांच करवाएं। इस दिशा में लगातार जांच, उपचार व जागरूकता से सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के अच्छे परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मां के गर्भ में ही सिकल सेल एनीमिया की जांच की सुविधा है। इसके अलावा बच्चे के जन्म के 72 घंटे बाद भी जांच की जा सकती है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण मध्यप्रदेश को आरोग्य प्रदान करने के लिए गुजरात से श्री अतुल देसाई एवं उनका परिवार लगातार सिकल सेल उन्मूलन के लिए कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी चिकित्सकों से इस दिशा में सार्थक प्रयास करने का आग्रह किया जिससे सिकल सेल का संपूर्ण उन्मूलन हो सके।

इस अवसर पर मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि राज्यपाल जी के सतत प्रयासों से ही इस बीमारी की जानकारी लोगों तक पहुँची है। आपका जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित है। सिकल सेल की बीमारी काफी तकलीफदेह है जिसकी पहचान कर त्वरित उपचार बेहद जरूरी है। प्राचीन औषधियों को अस्तित्व में बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। मंडला में डी-मार्ट की तर्ज पर ट्रायबल मार्ट बनाया जायेगा। जनजातीय बंधु इसका संचालन करेंगे यहां मिलने वाले उत्पाद की कीमत बाजार की तुलना में 25-30 प्रतिशत कम होगी और स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। 2 अक्टूबर को प्रदेश के सभी गांवों में सिकल सेल एनीमिया पर चर्चा करने की बात भी मंच से कही।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में लगातार जनजातीय क्षेत्रों में सुख-सुविधाओं को बेहतर करने के लिए काम किया जा रहा है। हमारे पूर्वजों ने भारतीय आयुर्वेद में जो बेहतरीन काम किए हैं उन्हें हम आज तक अपना रहे हैं। पूरे प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। केन्द्र व राज्य की डबल इंजन सरकार के प्रयासों की बदौलत स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आए हैं। मंडला जिले में आयुर्वेद अनुसंधान सेंटर खोले जाने की बात भी उन्होंने की।

आयुष मंत्री श्री परमार ने यहां आयोजित कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य बताते हुए अपने संबोधन में कहा कि सिकल सेल एनीमिया का उन्मूलन किस तरह करना है ? कार्यशाला में आए चिकित्सकों एवं परंपरागत वैद्यों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर वृहद स्तर पर लोगों तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय आयुर्वेद को फिर से दुनिया स्वीकार रही है। उन्होंने बताया कि बालाघाट में आयुर्वेद रिसर्च सेंटर खोलने की स्वीकृति भारत सरकार ने दी है। रिसर्च के क्षेत्र में अच्छा काम करने वालों के साथ एमओयू भी किए जा रहे हैं। आयुर्वेद भारतीय परंपरा का ही अंग है। परंपरागत वैद्यों के ज्ञान को सहेजने और शोध के दस्तावेजीकरण की तरफ बढ़ रहे हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी परंपरागत रूप से काम कर रहे पारंपरिक वैद्यों को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ा जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बधाई।

जिले के प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि राज्यपाल अतिसंवेदनशील है जो जनजातीय जिलों के सुदूर अंचलों तक जाकर इस बीमारी की रोकथाम के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। अनूपपुर, डिंडोरी एवं शहडोल जिले में इस बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों की पहचान कर उनका उपचार किया जा रहा है। केबिनेट में सभी संभाग मुख्यालय में आयुर्वेद का मेडिकल कॉलेज खोलने की बात भी स्वीकारी गई है। नर सेवा ही नारायण सेवा है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि पूजा अर्चना से परमेश्वर दर्शन देंगे या नहीं यह तो नहीं पता लेकिन जब दीन हीन बीमार व्यक्ति की सेवा होगी तो उसकी आंखों में परमेश्वर के दर्शन स्वतः हो जाएंगे।

# मण्डला की बेटियों ने फिर लहराया परचम



*** सब जूनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में 8 बालिकाएँ चयनित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला की फुटबॉल प्रतिभाओं ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए जिले की 8 बालिकाओं का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 20 अगस्त से असम के जोरहट में आयोजित की जा रही है।

यह चयन हाल ही में इंदौर के मऊ में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के आधार पर हुआ। इस प्रतियोगिता में डी.एफ.ए. मंडला की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया था। इसके बाद मंडला की 10 खिलाड़ियों को नेशनल कैंप के लिए चुना गया। कैंप के समापन पर इनमें से 8 खिलाड़ी अंतिम सूची में शामिल की गई हैं।

**चयनित खिलाड़ी**

मनीषा उइके, सुरंजना भारतीया, प्रियंका मार्को, खुश्बू पनरिया, नंदनी परते, ज्ञानवती यादव, रजनी धुर्वे और माधुरी विश्वकर्मा।

यह मंडला जिले के लिए गर्व का विषय है कि यहां की बेटियाँ न केवल प्रदेश में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं।

सभी चयनित खिलाड़ियों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, सचिव अनिल सोनी, प्रिया नाडकर्णी, खेल अधिकारी विकास खराड़कर, संघ के सदस्य राजेश पाठक, भीष्म द्विवेदी, दीपक कछवाहा, सत्य नारायण अग्रवाल, सुनील सराफ, शैलेश दुबे, मतीन ख़ान, पुरूषोत्तम उसराठे, समीर बाजपेयी, जावेद ख़ान, पंकज उसराठे, कुशल भवेदी, पवन नंदा, देवेंद्र सरोते, प्रथम चौकसे, मूसवी हुसैन और अभिषेक यादव ने बधाई दी है और राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# केबिनेट मंत्री श्री परमार एवं श्रीमती उइके ने किया पॉलीटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दरसिंह परमार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (आरडी कॉलेज) बड़ी खैरी तथा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज देवदरा का निरीक्षण किया। पीएमश्री कॉलेज में पहुंचने पर कॉलेज स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने उनका स्वागत किया। मंत्री श्री परमार ने कॉलेज प्रबंधन, स्मार्ट क्लास, फेकल्टी, स्नातकोत्तर के विषयों, लॉ-कॉलेज, सीनियर बालक एवं बालिका छात्रावास तथा कॉलेज की अधोसंरचना के संबंध में प्राचार्य एवं संबंधित प्रोफेसर्स से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न 11 विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए कक्षाओं, आवश्यकता अनुसार प्रयोगशालाओं तथा फेकल्टी के बारे में विस्तार से जानकारी ली। ग्राम देवदरा में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर मंत्रीद्वय ने कॉलेज प्रबंधन समिति के साथ अनौपचारिक बैठक की। इस दौरान यहां सिविल ब्रांच खोले जाने, अधोसंरचना विकास, सार्थक ऐप से उपस्थिति, सीट वृद्धि, संकाय वृद्धि के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कॉलेज की कम्प्यूटर लैब में पहुंचकर पढ़ाई कर रही छात्राओं से कॉलेज के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की सुविधाओं का सभी बच्चियां पात्रतानुसार लाभ उठाएं तथा मन लगाकर पढ़ाई करते हुए अच्छे अंकों से परीक्षाओं में उत्तीर्ण हों। इसके बाद कॉलेज परिसर में मंत्रियों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अर्जुन के पौधे रोपित किए गए। इस दौरान एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य, स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भुआबिछिया में वाहनों की औचक जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



संभागीय संयुक्त संचालक जबलपुर मो. शाहिद खान द्वारा जारी दिशा निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/भारसाधक अधिकारी श्रीमती सोनाली देव (आईएएस) एवं मंडी सचिव कन्हैया सिंह मरकाम कृषि उपज मंडी समिति बिछिया के दिशा निर्देशन में स्थानीय उड़नदस्ता दल के कर्मचारी बृजकिशोर नामदेव एवम आकाश ठाकुर सहायक उप निरीक्षक के द्वारा आज दिनांक 20/08/2025 को कृषि उपज मंडी समिति बिछिया के मंडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चारटोला में वाहनो के औचक निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 2390 में फर्म संजय ट्रेडर्स सहजपुर (शाहपुरा भिटौनी) द्वारा परिवहित कृषि उपज उडद कुल 137.50 क्विन्टल के परिवहन संबंधी अनुज्ञा पत्र नहीं पाया गया। फलस्वरुप व्यापारी द्वारा मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) का उल्लंघन किया जाना सुनिश्चित होने पर अधिनियम की धारा 19 (4) के तहत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में व्यापारी प्रतिनिधि द्वारा अपना अपराध स्वीकार करते हुए समझौता हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर नियमानुसार पांच गुना दांडिक मंडी शुल्क 50188/- समझौता शुल्क 5000/- निराश्रित शुल्क 10037 कुल 65225/- की वसूली कर शासन के खाते में जमा कराया गया तथा प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

**गठन** | **सर्वसम्मति से हुआ कार्यकारिणी का गठन।**

# जन परिषद जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

*** खाना खजाना रेस्टॉरेंट में हुई बैठक।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विगत दिवस समाजसेवा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संगठन जन परिषद मंडला की बैठक स्थानीय खाना खजाना रेस्टोरेंट कटरा मंडला में संपन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष मुकेश सोनी के नेतृत्व में सर्वसम्मति से चयनित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अध्यक्ष सोनी ने बताया यह संगठन विगत 36 वर्ष से अंतराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है तथा भारत में 275 चैप्टर ओर विदेश में 7 चैप्टर कार्य कर रहे हैं। यह संगठन पूर्णतः गैर राजनीतिक है।

नीरज अग्रवाल द्वारा इस संगठन के द्वारा किए गए कार्यों और इसकी प्रामाणिकता के बारे में जानकारी दी गई। सुनील बाली और दिनेश दुबे ने भी अगली रणनीति पर चर्चा की। सुधीर कांसकार द्वारा मंच का संचालन किया गया। मुकेश सोनी ने इसके पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की। इसमें संरक्षक श्री विजय अग्रवाल, मुख्य सलाहकार नीरज अग्रवाल, अध्यक्ष मुकेश सोनी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी एवं प्रहलाद सोनी, महासचिव नेकेश्वर पटेल सचिव दिनेश दुबे एवं सुनील कुमार मिश्रा, सह सचिव श्रीमती अर्चना देशमुख एवं घनश्याम बर्मन, कोषाध्यक्ष सुधीर कांसकार, मीडिया प्रभारी किशोर रजक एवं आनंद सोनी को नियुक्त किया गया है। साथ ही कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा भी की गई जिसमें पारस असरानी, रंजीत कछबाहा, श्री इंद्रेश (बब्बल) खरया, सुनील बाली, अमरेश सिंह, सुश्री गरिमा ताम्रकार, श्रीमती बबीता चौधरी, अखिलेश सोनी, अशोक सोनी, दयाशंकर जोशी, राकेश गुप्ता, राजेश क्षत्री, प्रमोद दुबे को नियुक्त किया गया।



इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिनमें विभु डोंगसरे, राजेश डोंगसरे, ओमप्रकाश धामेचा, राजेश सिंगोर, राजेश दीक्षित, मुकेश जायसवाल, रामगोपाल पटेल, विनोद पटेल, अभिषेक जैन, सम्पत श्रीवास, सुखदेव जायसवाल, सी.के. वैष्णव, के. डी. दुबे, प्रतिभा झरिया, महेंद्र बर्वे, अमर सोनी, राजेंद्र उपाध्याय, संजय सिंगोर, विवेक कोष्ठी, एस चौरसिया, सी के नामदेव, राजाराम ज्योतिषी आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ पत्रकार और जन परिषद के मुख्य सलाहकार नीरज अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया तत्पश्चात सामूहिक स्वल्पाहार पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

उपस्थित सम्माननीय सब नागरिकों ने नए पदाधिकारियों को बेहतर कार्य के लिए एक दूजे को शुभकामनाएं प्रेषित की और स्थानीय समस्याओं पर विचार विमर्श कर उनके निदान के लिए जनपरिषद संगठन के माध्यम से एकजुट प्रयास किए जाने की चर्चा की।

# ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारम्भ

*** शास. महाविद्यालय बम्हनी बंजर में सी.डी.वी.डी. संस्था देगी प्रशिक्षण।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शासकीय महाविद्यालय बम्हनी बंजर में ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद कि फोटो में माल्यापर्ण कर प्रशिक्षण का शुभारम्भ प्राचार्य के द्वारा किया गया, प्राचार्य डॉ. करुणा नेमा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में हर इन्सान अपने आपको सुन्दर दिखने की होड़ में लगा है इस प्रशिक्षण से आपको रोजगार का एक अच्छा माध्यम मिलेगा। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. कुंती बराठे ने बताया कि यह प्रशिक्षण स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के अंतर्गत किया जा रहा है यह अल्पावधि रोजगार प्रशिक्षण है जिसमे लगभग चालीस छात्राए हिस्सा ले रही है। प्रभारी प्राचार्य डॉ.एस. पी. झारिया ने ब्यूटी पार्लर विषय को वर्तमान का बड़ा रोजगार का साधन बताया। प्रशिक्षण संस्था सेंटर ऑफ़ डिस्कवरी फॉर विलेज डेवलपमेंट सी.डी.वी.डी. संस्था के डायरेक्टर निशार कुरैशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में सभी को सरकारी नौकरी मिलना मुश्किल है इस लिए विभाग कि मंशा है कि स्टूडेंट पढाई के साथ साथ इसे प्रशिक्षण से स्व-रोजगार के लिए प्रेरित हो और भविष्य में अपने रोजगार कि दिशा तय कर सके। डॉ. रियंका पटेल ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित छात्राओ को प्रशिक्षण लेकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मनीष लांजेवार ने अपने विचार प्रकट किये। डॉ. रणजीत भालेकर ने उद्घाटन कार्यक्रम का सफल संचालन किया। श्रीमती सुनैना सिंह ने ब्यूटी पार्लर का जीवन में कितना आवश्यक है इस बात पर प्रकाश डाला। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती मंगला चौरसिया प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. विवेक जायसवाल कीड़ा अधिकारी संस्था के कार्यक्रम समन्वयक पोली इक्का, भानु प्रताप सिंह, ओमप्रकाश झारिया एवं शरद रघुवंशी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। यह प्रशिक्षण पच्चीस दिवसीय होगा।

## खबर संक्षेप


### गांव गांव खुले पडे शौचालयों की सच्चाई को नजर अंदाज किया जाना पड़ रहा है भारी

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। देश को स्वच्छ व स्वास्थ्य बनाने की सोच के चलते सरकार द्वारा शुरू की गई स्वच्छता की मुहिम के चलते जिस प्रकार से लगभग चार वर्ष पूर्व जिस प्रकार से जिले से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा अपनी वाही वाही लूटने के लिए जिले को बाह्‌ शौच घोषित मुक्त कराये जाने की जो रामलीला की गई थी, उसको लेकर स्थानीय अखबारों द्वारा लगातार इस बात को उजागर किया जा रहा था कि जब लोगों के घरों में अभी तक शौचालयों का निर्माण हुआ ही नही है तो फिर आखिर में जिला बाह्शौच मुक्त घोषित कर कैसे दिया? मगर इस बात को लेकर न तो उस समय जिले के नेताओं द्वारा ध्यान दिया गया और न ही विपक्ष में बैठी हुई राजनीतिक पार्टीयों द्वारा जिसका परिणाम यह हुआ कि जिला स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से अपनी वाही वाही लूटने के लिए संपूर्ण जिले को इस प्रकार से लगभग चार वर्ष पूर्व प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा बाह्शौच मुक्त घोषित कराते हुए सम्मान पाया गया था, वह सिर्फ चर्चा का विषय ही नही बल्कि उस समय विपक्ष में बैठी हुई पार्टियों की उदासीनता को भी उजागर करते हुए जान पड़ रहा था? क्योंकि जहां प्रशासन द्वारा लोगों के घरों में शौचालयों का निर्माण किया गया है उनकी गुणवत्ता शौचालयों के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की कहानी स्वयं बताते हुए दिखाई दे रहे है जो आज तक पूरे नही हो पाये है और वह सरकार ही बदल चुकी तथा जिले को वाहशौच घोषित करने में अपनी वाही वाही लूटने वाले अधिकारी भी यहां से बिदा ले चुके है? वही दूसरी यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से लगभग चार वर्ष पहले फर्जी तरीके से घोषित हुए ओडीएफ जिले की सच्चाई देखी जावे तो शहर से लेकर गांवों में आज भी स्पष्ट दिखाई पड़ रही है जहां पर अनेक लोगों के घरों में आज तक शौचालयों का निर्माण नही होने के कारण वह लोग खुले मैदानों का उपयोग करते हुए देखे जा रहे है और अनेक लोगों के घरों म शौचालयों का निर्माण आज भी अंधूरा पड़ा हुआ है जिसके चलते शौचालयों के निर्माण हेतु खोदे गये गड्ढे मूक पशुओं के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी के लिए खुलेआम खतरे की घंटी बजाते हुए दिखाई पड़ रहे है? इस प्रकार से अंधूर पड़े हुये शौचालय की सच्चाई आये दिन शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिलने से नही चूक रही है जब इन अंधूरे शौचालयों के गड्ढो में मूक पशु गिरने से उनकी जान खतरे में पड़ते हुये देखी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते वर्ष भी उस समय देखने मिल चुकी थी जब क्षेत्र में अनेक जगहों पर इस प्रकार से अधूरे पड़े हुये शौचालयों के गड्ढो में मूक पशु गिरने से उनकी मौत तक हो चुकी है। मगर इस ओर शासन प्रशासन द्वारा शायद ध्यान इसलिय नही दिया जा रहा है क्योंकि शासन के रिकार्ड में शौचालय तो पूर्ण हो चुके हैं।

**क्या किसी बड़ी घटना के बाद खुलेगी प्रशासन की निंद्रा..?**

# रैलिंग विहीन झिकोली नर्मदा पुल को लेकर प्रशासन की अनदेखी बन सकती है बड़ी घटना का कारण, पुल के ऊपर दिन भर पशुओं का बना रहता है डेरा





हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। अक्सर देखा जाता है कि जब क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित होती है तो सभी लोग उस पर दुख व्यक्त करते हुये अपना रोष प्रकट करने से नही चूकते है । वही घटना के बाद अधिकारियों द्वारा भी कहा जाता है कि इस घटना में जो भी दोषी होगा उसे छोड़ा नही जावेगा। मगर सबाल यह पैदा होता है कि यदि समय रहते हुये बरती जाने वाली लापरवाही पर ध्यान नही दिया जाये तो निश्चित ही इस तरह की घटनाओं को घटित होने से रोका भी जा सकता है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय हमारे जिले को समीपस्थ रायसेन जिले से जोड़ने वाले माँ नर्मदाजी के झिकोली नर्मदा में बने हुये पुल पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि हर वर्ष संबंधित विभाग द्वारा बारिश का मौसम शुरू होने के पहले नर्मदाजी में आने वाली बाढ़ को ध्यान में रखते हुये इस पुल की रैलिंग निकाल दी जाती है जो इस समय भी रैलिंग निकल जाने के कारण यह पुल रैलिंग विहीन बताया जा रहा है। क्योंकि यह पुल प्रदेश स्तरीय राज्य मार्ग पर बना होने के कारण जहां यहां से प्रतिदिन छोटे बडे सभी प्रकार के वाहनों को मिलाकर हजारों की संख्या में में वाहनों की धमाचौकड़ी मची रहती है। वही दूसरी ओर पुल पर दिन भर पशुओं के साथ साथ जिस तरह मनचलों की हुजूम लगा रहता है। वह निश्चित तौर से किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है...? इस तरह पशुओं से लेकर मनचलों का डेरा जमा रहने की स्थिति में वाहन चालकों का रैलिंग विहीन पुल के ऊपर से अपने वाहनो को निकालना मुश्किल हो रहा है। दूसरी ओर पुल के ऊपर क्षेत्र के लोगे दोनों और रैलिंग वाली पट्टियों पर बैठकर जिस तरह मटर गस्ती करते हुये देखे जा रहे है वह निश्चित ही बड़ी घटना को खुला न्यौता देने से नही चूक रहा है। इस प्रकार से पुल की सच्चाई को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही अनदेखी का परिणाम निश्चित तौर से किसी दिन भयानक घटना के रूप में सामने आने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? क्योंकि बीच पुल पर जिस तरह पशुओं का डेरा रहने के दौरान यदि कोई दो पाहिया चार चार पहिया वाहन का निकलना हो रहा हो और मवेशी आवास में लड़ते हुये किसी वाहन से टकरा गये तो वाहन पुल के नीचे नर्मदाजी में गिरने से नही बच पायेगा..., या फिर जब बाइक चालक पुल से निकल रहा हो और बैठे हुये मवेशी अचानक खड़े हो जाते है तो इस स्थिति में भी यहां पर बड़ी घटना घटित होने रोक पाना मुश्किल हो जावेगा...? वही दूसरी ओर क्षेत्र के लोग जिस प्रकार से रैलिंग विहीन पुल की पट्टी पर बैठकर मटर गस्ती करते हुये देखे जा रहे है उसके कारण भी वाहन चालक विचलित होने से नही बच पाते है। अनेकों बार तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि जब कोई दो पहिया वाहन चालक अपने वाहन परिवार की किसी महिला को लेकर जा रहा होता है तो पुल पर मौमूद रहने वाले इन मनचलों द्वारा छिटाकशी करने से भी नही चूकते है। इस प्रकार से पुल के बीचों बीच मटरगस्ती करने के लिये बैठे रहने वाले इन लोगों की मनमानी के चलते निश्चित तौर से इन लोगों की अशोभनीय बाते सुनकर छोटे वाहन चालकों को ध्यान विचलित होने से नही चूक पाता है। वाहन चालक ध्यान विचलित होने की स्थिति में यदि उसका अपने वाहन से नियंत्रण खो दिया तो बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? इस तरह अनेक युवा रैलिंग वाले भाग पर बैठकर माँ नर्मदाजी सेल्पी लेते हुये देखे जाते है तो कुछ लोग रैलिंग वाले भाग पर दौड़ लगाकर अपने साथ साथ दूसरों के जीवन को खतरे में डालते हुये भी देखा जाना आम बात बन चुकी है। इतना ही नही कुछ लोगों को तो ठीक पुल के ऊपर से माँ नर्मदाजी के जल में छलांग लगाते हुये भी देखा जा रहा है जो निश्चित तौर से क्षेत्रीय पुलिस के साथ साथ प्रशासन की उदासीनता का खुला उदाहरण पेश करने कोई कसर नही छोड़ रहे है। वैसे तो देखा जावे सांईखेड़ा मुख्य बाजार से लेकर संपूर्ण मार्ग जिसमें विशेष रूप से पुल के ऊपर इस तरह से पशुओं की डेरा जमा होना वाहन चालकों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहा है। मगर इस ओर न तो जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से कोई ध्यान दिया जा रहा है। जबकि इस पुल पर कुछ वर्ष पहले घटित हुई घटना की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब एक बुजुर्ग अपनी दो बेटियों को लेकर निकल रहा था उसी दौरान जब दो बडे वाहनों के आने पर यहां पर बैठे हुये मवेशी अचानक खड़े हो गया थें उस दौरान दोनों बेटिया घबरा कर विविरत दिशा में दौड़ जाने के कारण पुल के नीचे गिरने से नही बच पाई थी और दोनों मासूमों की मौत हो गई थी..? इसके बाद भी बरती जा रही उदासीनता से यह प्रतीत होने से नही बच पा रहा है कि शायद प्रशासन तंत्र में बैठे हुये जिम्मेदारों द्वारा इसी प्रकार की किसी घटना का इंतजार किया जा रहा है..?

# अलग अलग स्थानों से पुलिस ने जप्त की गई अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहे शरब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित चीचली, सांईखेड़ा व डोगरगांव पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों पर अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस कार्यालय से मिली जानकरकी के अनुसार शहर गाडरवारा के कुचबंदिया मुहल्ला में संतोष पिता राधे श्याम कीर निवासी निरंजन वार्ड के पास से 5 लीटर कच्ची तथा सोयाबीन प्लांट के पास निवास करने वाले लाल साहब पिता राजेश चौधरी के पास से 5 लीटर कच्ची व तरूण पिता जगदीश कुर्मी निवासी शिवाजी वार्ड के पास से 14 पाव देशी, 5 पाव अंग्रेजी, डोलाब बाबा में एक महिला के पास से 5 लीटर कच्ची तथा हल्के पिता रूपराम चौधरी माता वार्ड के पास से 5 लीटर तो नगर के डोलाबाबा में प्रकाश पिता श्याम मांग निवासी रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के पास से 5 लीटर शराब अवैध रूप से रखे हुये पकड़कर जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम गरहा में कमलेश पिता रामकुमार जाटव के पास 13 पाव देशी व पंचायत भवन के पास से भोजराज पिता छुट्टन जाटव निवासी सिहोरा के पास से 5 लीटर शराब तो सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम भटरा के तालाब के पास से मनीष पिता भोजराज मेहरा के पास से 12 पाव देशी शराब जप्त की गई। वही समीपस्थ चीचली पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भिम्मखेडी में गोविंद पिता रज्जू ठाकुर के पास से 6 लीटर कच्ची तो ग्राम ढुरसुरू में पप्पू पिता फग्गू कुशवाहा के पास से 5 लीटर व ग्राम बारहाबड़ा में सुमित पिता नबल किशोर वर्मा निवासी ग्राम बसुरिया के पास से 20 पाव देशी जप्त की गई। इसी प्रकार से सांईखेड़ा पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तूमडा रोड पर मदन पिता नक्कू अहिरवार निवासी संदूक के पास से 17 पाव देशी, सांईखेड़ा गाडरवारा रोड पर उत्तम पिता केहर सिंह राजपूत निवासी ग्राम पीपरपानी के पास से 15 पाव देशी, ग्राम रम्पुरा तिरहा के पास गिरवर पिता गब्लू नौरिया निवासी अनघोरी के पास से 17 पाव देशी, धनौरा तिरहा आम रोड पर चंद्रभान पिता बंशी लाल के पास से 15 पाव देशी जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## यात्री प्रतिक्षालय न होने से यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज/ कौड़िया। एक ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पंचायतों द्वारा अनेक निर्माण कार्य कराने का ढ़डिोरा पीटा जा रहा है मगर वही दूसरी ओर लोग आज भी अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझते हुए देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर अनेक ग्रामों में देखा जाता है कि पंचायतों व जनप्रतिनियों द्वारा लाखों रूपया खर्च कर ऐसे निर्माण कार्य करा दिया जाते है जिनका कोई उपयोग ही नही होता है और जहां जिसकी मांग व जरूरत होती है वहां वह निर्माण कार्य नही हो पाने से जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है, कुछ इसी प्रकार की स्थिति जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत ग्राम कौड़िया में देखने को मिल रही है, जहां क्षेत्रवासियों ने हरिभूमि को जानकारी देते हुये बताया है कि ग्राम कौड़िया बाजार मुहल्ला में के प्रमुख चौराहे पर प्रतीक्षालय न होने के कारण यात्रियों को यहां वहां चाय पान की दुकानों पर भटकना पड़ता है, जिसमें सबसे ज्यादा परेशानी का सामना महिला यात्रियों को उठाना पड़ता है,साथ ही साथ मनचले युवकों की छीटाकशी का भी शिकार होकर महिला यात्रियों को अपमान का कडवा जहर पीने मजबूर होती है, लोगों का कहना है कि शासन द्वारा बाजार मे यात्री प्रतिक्षालय की मांग लम्बे समय से की जा रही है। मगर इस ओर आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि व नेता ने ध्यान नही दिया है, यदि गौर किया जावे तो कौड़यि बाजार में प्रतिदिन कोठिया, लिलवानी, सूकरी, नरवारा, बिचुआ, चिर्रिया, महगवां, सड़ूमर, करहैया, सलैया, देगवा, सुपारी सहित अनेक गांवों के लोगों का आना जाना होता है,मगर यहां पर यात्री प्रतिक्षालय न होने के कारण यहां वहां भटकते रहते है जिसमें गर्मी के समय मे तो यात्रियों को धूप की मार का भी सामना करना पड़ता है। वही दूसरी ओर साप्ताहित बाजार लगने के दिन शानिवार को स्थिति और भयानक हो जाती है, जिसके चलते क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन से शीघ्र यात्री प्रतिक्षालय बनाये जाने की मांग की

# अंध विश्वास के चलते सर्पदंश से मृत महिला के शव को रातभर रखते हुये जीवित होने का करते रहे इंजार




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि जब किसी जगह सर्पदंश की स्थिति पैदा होती है तो लोगों की धारण चिकित्सालय ले जाने की जगह उसे किसी गुनिया या फिर पंडा के पास ले जाते हुये देखे जाते है। इस अंध विश्वास के बीच सर्पदंश का शिकार व्यक्ति जिन्दगी व मौत के बीच झूलते रहता है। कोई हमारे क्षेत्र में पाये जाने वाले कुछ सर्प जो जहरीले नही होते है और उसके द्वारा काटे जाने पर जब व्यक्ति स्वास्थ्य हो जाता है तो इस तरह के अंधविश्वास को बढ़ावा देना शुरू हो जाता है। मगर यदि किसी जहरीले सर्प की चपेट में आने वाले व्यक्ति को समय पर उपचार नही मिल पाता है तो उसकी मौत होने से नही बच पाती है..? मगर लोगों में जिस तरह अंध विश्वास घर करते चला जा रहा है उसके चलते सर्प दंश जैसी घटनाओं में सबसे पहले पीड़ित को किसी पंडा या फिर गुनिया के पास ले जाने की सोच का परिणाम रहता है कि पीड़ित बेमौत मौत की ओर जाने के लिये मजबूर हो जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के शासकीय चिकित्सालय में उस समय देखने मिली जब पलोहा क्षेत्र में किसी महिला को सर्प के द्वारा काटे जाने के बाद जब परिजन स्थानीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे तो डाक्टरों द्वारा महिला को मृत घोषित करते हुये इसकी सूचना पुलिस थाने को दी गई। वही चिकित्सालय की सूचना पर मौके पर पहुंची हुई पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये जब शव का पोस्ट मार्टम कराने की तैयारी की जाने लगी तो मृतक के परिजना इस बात को लेकर पोस्ट मार्टम कराने के लिये तैयार नही हुये कि उनके द्वारा बाहर से किसी गुनिया को बुलाया गया है। वह आते ही सर्पदंश की शिकार मृत महिला को जीवित कर देगा। इस तरह मृतक के परिजनों द्वारा की जा रही जिद व चिकित्सालय परिसर में लगातार बढ़ रही मृतक महिला से जुडे हुये लोगो की भीड़ के चलते शाम होने के कारण मृत महिला का पोस्ट मार्टम नही हो पाया जिसके चलते रात भर शासकीय चिकित्सालय में भीड का आलम देखने मिला। वही दूसरी ओर मृतक के शव की सुरक्षा के लिये भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। वही दूसरी मृतक के परिजनों द्वारा मृत महिला को जीवित करने के लिये बाहर से बुलाये गये पंडा की गुनआई देखने के लिये लोगों की भीड़ लगी रही..? इसके बाद सुबह बुधवार को मृत महिला का पुलिस द्वारा पोस्ट मार्टम कराते हुये शव परिजनों को सौपे जाने की खबर है...?

# नगर में आयोजित होगी राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से नगर में लगातार दूसरे साथ राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर के आयोजन होने जा रहा है। ज्ञात हो कि बीते हुये वर्ष जहां राष्ट्रीय की कबड्डी प्रतियोगिता के लिये गाडरवारा शहर को चुना गया था तो दूसरे वर्ष व्हालीवाल प्रतियोगिता के लिये चुना गया है। आने वाले अक्टर व नम्बर माह में देश के कौने कोने से स्कूल बच्चों का महाकुंभ का नजारा एक बार फिर देखने मिलेगा। बताया जाता है कि इस वर्ष भी राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय म प्र द्वारा जारी पत्रानुसार अंडर 19 राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता बालक /बालिका वर्ग 13 से 17 अक्टूबर तक नगर गाडरवारा में आयोजित की जाएगी। इसके एक माह बाद स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा जारी पत्रानुसार राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता अंडर 19 बालक / बालिका वर्ग 13 से 17 नवंबर तक यानि की पांच दिन हमारे नगर गाडरवारा में ही आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय हैं कि बीते हुये वर्ष भी क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय शालेय कब्बडी प्रतियोगिता का सफल आयोजन नगर के रूद्र मैदान पर हो चुका हैं। इस स्थिति में नगर का नाम देश के नक्शें में एक अलग पहचान बनाने से नही चूक रहा है।

## बारहाबड़ा में आधार कैपों का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा। जिला प्रशासन के निर्देशन में बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये शालाओं में आधार अपडेशन हेतु आधार कैंप की श्रृंखला का आयोजन विभिन्न संकुल अंतर्गत किया जा रहा है। इसी के तहत जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम बारहाबड़ा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में 19 अगस्त से आधार केम्प का आयोजन शुरू हो चुका हैं जो 28 अगस्त तक आयोजित होगा। शिविर में ग्राम बारहाबड़ा, ढाना, ढूरसुरु, बारछी, बसुरिया, देवरी, पलेरा एवं बैरागढ़ पंचायत के बच्चे आधार अपडेशन एवं नवीन आधार संबंधी कार्य करवा सकते हैं। शिविर में बच्चों की बैठक एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। गत दिवस शिविर का निरीक्षण बी आर सी डी के पटेल एवं बीएसी अरुण दुबे के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने आधार कैंप की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आधार कैंप आयोजन की व्यवस्थाओं में नीलेश जैन प्रभारी प्राचार्य बारहाबड़ा अहम योगदान दे रहे है। कैंप में निर्धारित दिनांक अनुसार शालाओं के बच्चों को आने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# बच्छ बारस पर महिलाओं ने व्रत रखते हुये किया गाय बछड़े का पूजन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

श्रावण व भादों माह में पड़ने वाले त्यौहारों के दौरान महिलाओं द्वारा बडे ही श्रद्धा के साथ ब्रत रखते हुये पूजन किया जाता है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस बच्छ बारस के अवसर पर स्थानीय माहेश्वरी और राजस्थानी समाज की महिलाओं व्दारा सामुहिक रूप से विभिन्न स्थानों पर लोक परम्पराओ के संवर्धन की दिशा में अनेक पावन पर्व मनाये जाते हैं। इसी के चलते बीते हुये दिवस महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ बच्छ बारस पर गाय बछड़े पूजन किया गया तथा पूजन उपरांत वरिष्ठ महिलायें बच्छ बारस पर गाय बछड़े की पूजा व प्रसंग और महत्ता से जुडी कहानियां, किंवदंतियों को सुनाती है। बताया जाता है कि इस पर्व को गौवत्स व्दादशी भी कहा जाता है। इस पर्व को लेकर ऐसी मान्यता और परम्परा है कि गाय के साथ बच्छा होता है उसकी पूजा अर्चना भाव प्रवण हो महिलाओं व्दारा अपने सुपुत्रो की खुशहाली, समृद्धि व आरोग्यता तथा आयुवृध्दि सहित सुख सम्पन्नता के लिए की जाती है । यह परम्परा सैकड़ों वर्षों से लगातार चली आ रही है। परम्परा के संवर्धन की दिशा में इस क्रम को नव पीढी की मातृशक्ति की सहभागिता अनुकरणीय, प्रशंसनीय और अभिनंदनीय है मानते हुये नगर के अनेक स्थानों पर सुविधानुसार यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# मानसून एक बार फिर गति पकड़ने के चलते किसानों के चेहरों पर दिखाई दे रही मुस्कान

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस सीजन में किसानों द्वारा अपने खेतों में लगाई जाने वाली फसलों में मुख्य रूप से सोयाबीन, धान, गन्ना व अन्य फसले बारिश के ऊपर ही निर्भर मानी जाती है। जिस तरह बीते हुये जुलाई माह में अच्छी बारिश होने के कारण किसानों के खेतों में लगी हुई फसले गति पकड़े हुये थी। मगर बीच में बारिश पर लगे हुये ब्रेक के चलते तेज तपन के कारण किसान अपने खेतों की फसलों को बचाने के लिये नलकूपों का सहारा लेते हुये दिखाई देना शुरू हो गये थें। मगर एक बार फिर मानसून से जिस तरह से गति पकड़ने की शुरूआत की गई है उससे जहां किसानों में प्रसन्नता देखने मिल रही है। मानसून पुनङ गति पकड़ने की वाट जोह रहे क्षेत्रवासियो को बीते हुये बुधवार के दोपहर बाद से गाडरवारा सहित क्षेत्र में झमाझम बारिश ने यह राहत भरा अहसास कराया कि कुछ दिन तरसाने के बाद मानसून ने फिर दस्तक दे दी है। इस बारिश से किसानों के चेहरों पर मुस्कान तो देखने मिल ही रही है तो दूसरी ओर लोगों को गर्मी से राहत मिलने की भी उम्मीद जागी है। क्योंकि बुधवार को दोपहर के बाद बादलो के मेहरबान होने से रिमझिम बरसात हुई जिससे माहौल में ठंडक घुलने के साथ शहरवासियो को उमस, गर्मी से निजात मिलते हुये देखा गया। इस तरह शुरूआती वर्षा के दौरान कई वार्डो, कालोनियो, सार्वजानिक स्थानो पर जल भरने के नजारे दिखायी पड़े तथा बच्चो,युवाओं ने बरसते पानी में घूमने का आनंद लिया। वही खरीफ फसलो लगाने वाले क्षेत्रीय किसानो के चेहरे जरूर खिल उठे तथा उन्होंने अपने कृषि कार्यो को गति देने शुरूआत कर दी गई है। गौरतलब है कि मानसून की गति ठंडी होने से क्षेत्र के किसान हलाकान थे तथा उन्हे भय था कि कही बारिश न होने से उनकी खरीफ फसलो की पैदावार पर असर न पड़े और इस बात की चिंता सता रही थी तथा अन्नदाता किसान सुबह शाम आसमान की ओर टकटकी लगाये हुये देखे जा रहे थें।मगर बारिश की मेहरवानी से मौसम खुशनुमा होते हुये दिखाई दिया तो दूसरी ओर धान उत्पादक किसान विशेष उत्साहित नजर आ रहे है।

# पानी टंकी के पास से अज्ञात चोर ने पार की बाइक




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर से लेकर क्षेत्र में जिस तरह वाहन चोर गिरोह सक्रिय रहते हुये आये दिन वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुये देखे जा रहे है। मगर पुलिस उन्हे पकड़ने में असफल रहने के चलते हाल यह बन चुका है कि लोगों के चंद मिनिटों के अंदर ही वाहन गायब होते हुये दिखाई देने लगे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर की पानी टंकी के पास देखने मिली जहां पर एक ग्रामीण सब्जी खरीदने लगा और अज्ञात चोर द्वारा उसकी बाइक को पार कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम सहावन निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने पति राकेश अहिरवार के साथ गाडरवारा बाजार में जरूरी सामग्री की खरीदारी करने के लिये अपनी मोटर साईकिल डीलक्स क्रमांक MP49ZB8716 आये हुये थें। पानी टंकी के पास मोटर साईकिल को खड़ी करके सब्जी खरीदने लगे और कुछ मिनिट बाद देखा तो मोटर साईकिल गायब थी। इस तरह किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थिया की मोटर साईकिल चोरी किये जाने के चलते पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस तरह नगर में सक्रिय चोर गिरोह द्वारा नगर में आये दिन इस तरह भीड वाले इलाको से मोटर साईकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुये देखे जा रहे है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

हर्ष कुमार नीखरा आ. संतोष कुमार नीखरा आयु 33 वर्ष निवासी चंद्रकेशर कालोनी इन्द्रा वार्ड गाडरवारा तह. गाडरवारा व जिला नरसिंहपुर म. प्र. द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी है। यह है कि मुझ शपथकर्ता के कुछ दस्तावेजों में नाम हर्ष कुमार नीखरा दर्ज है तथा कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम हर्ष नीखरा दर्ज हो गया है। यह है कि मुझ शपथकर्ता का सही नाम हर्ष कुमार नीखरा है। हर्ष कुमार नीखरा एवं हर्ष नीखरा नाम के अलग अलग कोई दो व्यक्ति नही है। अत: मुझको मेरे सही नाम हर्ष कुमार नीखरा के नाम से लिखा व पढ़ा जावे। उक्त दोनों नामों के संबंध में होने वाली भ्रांति को दूर करने के लिये यह आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है।

शपथ कर्ता
हर्ष कुमार नीखरा आ. संतोष कुमार नीखरा
निवासी चद्रकेशर कालोनी इन्द्रा वार्ड गाडरवारा, तह. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

प्रसन्न कुमार नीखरा आ. संतोष कुमार नीखरा आयु 32 वर्ष निवासी चंद्रकेशर कालोनी इन्द्रा वार्ड गाडरवारा तह. गाडरवारा व जिला नरसिंहपुर म. प्र. द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। यह है कि मुझ शपथकर्ता के कुछ दस्तावेजों में नाम प्रसन्न कुमार नीखरा दर्ज है तथा कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम प्रसन्न नीखरा दर्ज हो गया है। यह है कि मुझ शपथकर्ता का सही नाम प्रसन्न कुमार नीखरा है । प्रसन्न कुमार नीखरा एवं प्रसन्न नीखरा नाम के अलग अलग कोई दो व्यक्ति नही हैं अत: मुझको मेरे सही नाम प्रसन्न कुमार नीखरा के नाम से लिखा व पढ़ा जावे। उक्त दोनों नामों के संबंध में होने वाली भ्रांति को दूर करने के लिये यह आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है।

शपथ कर्ता
प्रसन्न कुमार नीखरा आ. संतोष कुमार नीखरा
निवासी चद्रकेशर कालोनी इन्द्रा वार्ड गाडरवारा, तह. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

## खबर संक्षेप

### मिड-डे मील योजना जिले में ठप, भुगतान न मिलने से स्व सहायता समूह हड़ताल पर

**डिंडौरी न्यूज ।** जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मिड-डे मील) योजना एक बड़े संकट से जूझ रही है। अप्रैल माह से अब तक योजना की राशि जारी न होने से जिलेभर के स्व सहायता समूह आर्थिक संकट में फंस गए हैं। बकाया भुगतान नहीं मिलने के कारण समूहों ने हाथ खड़े कर दिए हैं और मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन बंद करने की चेतावनी दी है।जिला स्व सहायता समूह संघ की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दिनेश परस्ते ने पत्र 18 अगस्त 2025 के माध्यम से जिला पंचायत को सूचित किया कि समूहों की मांगें पूरी न होने तक विद्यालयों में चूल्हा बंद रखा जाएगा। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत डिंडौरी ने सभी विकासखंड शिक्षा समन्वयकों (अमरपुर, बजाग, डिंडौरी, करंजिया, मेहदवानी, समनापुर, शहपुरा) को पत्र जारी किया है। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि— किसी भी परिस्थिति में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम बंद नहीं होना चाहिए। जब तक स्व सहायता समूह योजना का संचालन पुनः प्रारंभ नहीं करते, तब तक इसकी जिम्मेदारी शाला प्रबंधन समितियों (रटउ)ङ्क को दी जाएगी। जो भी स्व सहायता समूह अनधिकृत रूप से पीएम पोषण कार्यक्रम बंद रखेंगे, उनके विरुद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। हालांकि, शाला प्रबंधन समितियां भी दुकानदारों के कर्ज में दबी हुई हैं, जिससे योजना का संचालन और कठिन हो गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारी अब या तो शिक्षकों पर दबाव बनाकर योजना को चलाने का प्रयास करेंगे या फिर लंबित राशि का शीघ्र भुगतान कर समूहों को राहत देंगे।
डिंडौरी जिले में स्थिति यह है कि गरीब बच्चों को मिलने वाला मुफ्त पोषण आहार जिले की जिला पंचायत की लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

### नाले में मिला एक सप्ताह पुराना महिला का क्षत-विक्षत कंकाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पड़ौर में मंगलवार को एक महिला का कंकाल मिला है। स्थानीय निवासी राजेंद्र बैगा ने लीला बैगा के घर के पास नाले से आ रही तेज बदबू की सूचना ग्राम सरपंच बाल सिंह और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पड़ौर में राजेंद्र बैगा की सूचना पर सरपंच ने मौके पर पहुंचकर देखा तो नाले में एक महिला का कंकाल पड़ा था। कंकाल पर लाल रंग का ब्लाउज और हाथ में अंगूठी पहनी हुई थीं।

# पढ़ाई की उम्र में भीख मांगने को मजबूर मासूम बच्चे संजीवनी सामाजिक संस्था ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग






**डिंडौरी न्यूज ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 5 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा मुहैया कराने की जिम्मेदारी राज्य की है, लेकिन सरकार जिम्मेदारी से बेखबर है जिसके चलते पढ़ने लिखने की उम्र में मासूम बच्चे भिक्षा मांग कर जीवन यापन करने पर मजबूर हैं। समाज में शिक्षा और विकास की मुख्यधारा से जुड़ने से पहले ही मासूम बच्चों का भविष्य अंधेरे में खोता जा रहा है।

मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में पढ़ने-लिखने की उम्र के कई बच्चे सड़कों, चौराहों और होटलों के आसपास भीख मांगते नजर आते हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर संजीवनी सामाजिक जनकल्याण संस्था, शहपुरा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ठोस कार्रवाई की मांग की है।संस्था के संस्था प्रमुख मुकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि शहपुरा, समनापुर, करंजिया, बजाग सहित जिला मुख्यालय में रोजाना ऐसे नजारे देखने को मिलते हैं, जहाँ मासूम बच्चे हाथ फैलाए लोगों से भीख मांगते हैं। संस्था का कहना है कि यह स्थिति केवल बच्चों का बचपन छीन रही है, बल्कि कई बार भीख में मिली रकम से वे नशे की लत का शिकार भी हो जाते हैं, जिससे उनका भविष्य पूरी तरह बर्बाद होने का खतरा बढ़ जाता है।संजीवनी संस्था ने कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा और भरण-पोषण के लिए ह्यस्कूल चले हम अभियान, मध्यान्ह भोजन योजना, आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, लाडली बहना योजना और पेंशन योजनाएं जैसी अनेक योजनाएँ चला रही है, लेकिन उनका लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुँच पा रहा। यही कारण है कि इतनी योजनाओं के बावजूद मासूम बच्चे आज भीख मांगने को मजबूर हैं। संस्था ने सुझाव दिया कि ऐसे बच्चों को चिह्नित कर योजनाओं से जोड़ा जाए और उनकी शिक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके लिए ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, जनपद सीईओ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जनशिक्षकों को जवाबदेह बनाया जाए। संस्था ने आशंका जताई कि यह स्थिति जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और योजनाओं के केवल कागजों तक सीमित रहने का परिणाम है। संस्था ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वह इस मामले में तत्काल संज्ञान ले और ठोस कदम उठाए, ताकि इन बच्चों को शिक्षा से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके और उनका भविष्य सुरक्षित बनाया जा सके।

## व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन



**डिंडौरी न्यूज ।** जिले में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम डीईओ कार्यालय में पदस्थ आशीष पांडे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि मध्यप्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा का संचालन 2014-15 से हो रहा है जिसमें आज तक लगभग 5000 विद्यालयों में ? व्यावसायिक प्रशिक्षक प्रत्येक विद्यालय में कार्यरत है और उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को विद्यालय में ट्रेड से संबंधित (ट्रेनिंग) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। व्यावसायिक प्रशिक्षकों का मानदेय पहले 22000 रूपये था जो अब उसे घटाकर 20000 कर दिया गया है जिससे सभी व्यावसायिक प्रशिक्षकों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।
जबकि इसी कार्य हेतु अतिथि व्याख्याता से हर माह प्रत्येक कक्षा में 2 व्याख्यान कराया जाता है जिसके लिए उनका मानेदय पहले 500 रूपये प्रति कक्षा प्रति 1 व्याख्यान का निर्धारित था जो अब उसे बढ़ाकर 1000 कर दिया गया है और व्यावसायिक प्रशिक्षकों के मानदेय राशि में कटौती कर दी गई है।
आकस्मिक अवकाश एवं चिकित्सा अवकाश के संबंध में महोदय हम सभी व्यावसायिक प्रशिक्षकों को प्रतिमाह 1 अवकाश का प्रावधान है जिसको अगर हम उपभोग नहीं करते है तो वह अवकाश रद्द कर दिया जाता है यदि यह अवकाश प्रति सत्र जुडकर आवश्यकता अनुसार उपयोग करने का प्रावधान हो जाए तो हमारी कुछ परेशानी दूर हो जाएगी। चिकित्सा अवकाश के संबंध हमे कोई राहत नहीं मिलती है। जब कभी भी बीमार पडते है तो हमें भी अन्य कर्मचारियों की भांति अस्पताल के उपचार की आवश्यकता होती है। अतः हमें भी चिकित्सा अवकाश प्रदान किया जाए।
व्यावसायिक प्रशिक्षकों की ई-अटेंडेंस के लिए जो एप बनाया गया है उसका नाम श्ळढ टंल्लस्त्रङ्कद्दी१ संदर्भित पत्र में दिया गया है। जो टंल्लस्त्रङ्कद्दी१ का अर्थ मजदूर होता है यह सभी व्यावसायिक प्रशिक्षकों के लिए अपमानजनक है इससे सभी व्यावसायिक प्रशिक्षकों के आत्म सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। टंल्लस्त्रङ्कद्दी१ शब्द अनपढ़ और वल्ल२ॅ'र'ी ्लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। सभी व्यावसायिक प्रशिक्षक ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और टेकनिकल याग्यताधारी है। इनके लिए उपयोग किया गया टंल्लस्त्रङ्कद्दी१ शब्द भारत के संविधान के प्रतिकूल है और यह म.प्र. स्कूल शिक्षा विभाग के लिए बेहत दुखद एवं खेद का विषय है।
ई-अटेंडेंस की व्यवस्था सर्वप्रथम स्थाई शिक्षकों हेतु विद्यालय में लाया गया था किंतु उनके अस्वीकार करने पर व्यावसायिक प्रशिक्षकों को अनिवार्य किया जा रहा है। जो उचित और तर्क संगत नहीं है। महोदय ऑनलॉइन उपस्थिति के मोबाईल एप के माध्यम से उपस्थिति हेतु रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात कई व्यावसायिक प्रशिक्षकों को फ्राड कॉल आ रही है जिससे हम सभी के व्यक्तिगत डेटा के द्वारा अनुचित कार्य एवं नुकसान होने की संभावना के साथ भय की स्थिति व्याप्त है। इस एप में व्यावसायिक प्रक्षिकों के लिए डऊ ऑपशन नहीं है बकि प्रतिमाह उचित अतिधि व्याख्याता ने स्वीकृत प्राप्त कर उनके कार्यालय जाकर सहमति सेना होता है जो यह कार्य व्यावसायिक प्रशिक्षकों करते हैं तत्पश्चात पत्र व्यवहार किया जाता है। जो पतिमाह आठ अतिथि व्याख्यान निर्धारित है। साथ ही त्रैमागिक औद्योगिक भ्रमण के लिए भी संबंधित भौद्यौगिक केन्द्र में पूर्व से जाकर अवलोकन किया जाता है और सहमति प्राप्त करनी होती है जिसके लिए डऊ का प्रावधान नहीं है।
वार्षिक परीक्षा परिणाम के संबंध में महोदय हर वर्ष विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम का विषयवार आकलन किया जाता है।। सगै व्यावसायिक प्रशिक्षकों के ट्रेड (थिल्य में) 95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम निधत है जबकि अन्य। पय शिक्षकों के लिए 30 प्रतिशत परीक्षा परिणाम निर्धारित है जो पूर्णतः भेद भाव पूर्ण व्यवहार है। व्यावसायिक प्रशिक्षकों का कहना है कि उनकी भूमिका विद्यालय में बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि व्यावसायिक प्रशिक्षकों के द्वारा विद्यालय में प्रधानमंत्री द्वारा स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत अध्ययनरत ट्रेड से संबंधित छात्र-छात्राओं को विभिन्न कौशल प्रदान कर रहे है। और उन्हें बहुमुखी प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार करते आए है और कर रहे है। जिसका परिणाम भी सामने आ रहा है। इनकी मांग है कि व्यावसायिक प्रशिक्षकों की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं और व्यावसायिक प्रशिक्षकों को न्याय दिलाया जाए।

## सीएम मोहन यादव ने डिंडौरी जिले के अधिकारियों को किया सम्मानित



**डिंडौरी न्यूज ।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को राजधानी भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में डिंडौरी जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया है। अधिकारियों का सम्मान नीति आयोग द्वारा जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक चलाए गए संपूर्णता अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करने पर दिया गया। समारोह में मुख्य सचिव अनुराग जैन, नीति आयोग के सचिव डॉ.रोहित कुमार, सदस्य रमेश चंद्र, तथा प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### डिंडौरी जिले का सम्मान

डिंडौरी जिले की कलेक्टर नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में कार्य कर रही टीम को मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सराहा। सम्मानित अधिकारियों में भारती मेरावी, संयुक्त कलेक्टर,अभिषेक बंसल, खंड स्तरीय अन्वेषक अधिकारी, डॉ. विकास जैन, आकांक्षी ब्लॉक फेलो, बजाग,हरीश विश्वकर्मा, आकांक्षी ब्लॉक फेलो, करंजिया,सर्वेश गुप्ता, आकांक्षी ब्लॉक फेलो, मेहंदवानी,इन अधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।
समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि अधिकारी और कर्मचारी अच्छा काम करेंगे तो सरकार सदैव उनके साथ खड़ी है। मध्य प्रदेश में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का लक्ष्य तय किया गया है। पिछले एक वर्ष में राज्य में 7.30 लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ाया गया है, जो विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने मध्य प्रदेश नीति आयोग की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसी योजनाएँ बनाई जा रही हैं, जिनसे हर जिले, हर ब्लॉक और हर इकाई तक विकास की रोशनी पहुँच सके।

### प्रदेशभर के जिलों को मिला सम्मान

इस अवसर पर संपूर्णता अभियान में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले आठ जिलों के अधिकारियों को गोल्ड मेडल, जबकि अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों के अधिकारियों को सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन पर डिंडौरी जिले को मिले 4 मेडल एवं प्रशस्ति पत्र सम्मान ने जिले का मान बढ़ाया है और प्रशासनिक अमले में नई ऊर्जा का संचार किया है।

## कठौतिया में अवैध मुरूम उत्खनन पर प्रशासन का शिकंजा, दो जेसीबी जब्त



**शहपुरा ।** डिंडोरी जिले के मेहदवानी थाना क्षेत्र के ग्राम कठौतिया में अवैध मुरूम मिट्टी की खुदाई पर प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। बुधवार के दिन में लगभग 3 बजे शिकायत मिलने पर नायब तहसीलदार मेहदवानी तेज लाल धुर्वे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां दो जेसीबी मशीनें अवैध रूप से मुरूम की खुदाई करती पाई गईं। तत्काल कार्यवाही करते हुए दोनों मशीनों को जब्त कर मेहदवानी थाने में खड़ा कराया गया। सूत्रों के अनुसार लंबे समय से इस इलाके में अवैध मुरूम खनन की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस उत्खनन से न केवल सरकारी जमीन को नुकसान पहुंच रहा था बल्कि खेतों की उपजाऊ क्षमता और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। ग्रामीण कई बार इस विषय पर आपत्ति जता चुके थे। नायब तहसीलदार धुर्वे ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों पर सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस तत्परता की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह की कार्यवाही होती रहे ताकि प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर पूरी तरह अंकुश लग सके।

## आखिर करोड़ों की लागत से बने स्कूल भवन को किसका है इंतजार

**क्या बच्चों के भविष्य की कोई अहमियत नहीं ?**

**डिंडौरी न्यूज ।** आदिवासी बाहुल्य जिले में शिक्षा व्यवस्था के हालत न किसी आम से छुपे हैं न किसी खास से मगर फिर भी हालत हैं की सुधरते नहीं देश का आने वाला भविष्य कहीं जर्ज़र भवन तो कहीं टपकती छत तो कहीं तिरपाल के नीचे बैठकर अपना भविष्य गढ़ने विवस है!पर शिक्षा जैसे अहम विषय को लेकर मर चुकी संवेदनाये कब तक जागेंगी ज्वालांत सवाल है प्रशानिक तंत्र से और सरकार में बैठे जिम्मेदारों से क्या करोड़ों की लागत से बने चमचामाते स्कूल भवन तालों में जकड़े रहने के लिए है क्योंकि इन्हें बने एक साल से अधिक समय हो गया है बावजूद इसके छात्र छात्राओं को अव्यवस्थाओं के बीच अपने सुनहरे कल का भविष्य गढ़ने मजबूर होना पड़ रहा है ये तस्वीरें आईना दिखाती है उन तमाम सरकारी दावों को जहाँ इनकी फाइलों में जिले की शिक्षा व्यवस्था चमकती दमकती दिखती है पर हालत इससे इतर तमाम किताबी दावों को मुँह चिढ़ाती दिखती हैं!जिला मुख्यालय से 13 किलोमीटर दूर क़स्बा शाहपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की ही तस्वीर साफ कर देते हैं कि कैसे अव्यवस्थाओं के बीच छात्र छात्राएं अध्यापन कार्य करने को विवश हैं पर शिक्षा विभाग सहित जनप्रतिनधियों को इससे जरा भी सरोकार नहीं! गौरतलब है कि क़स्बा शाहपुर में हाई स्कूल के खस्ता हाल भवन में कक्षा 9 से 12 वीं तक की कक्षाओं में लगभग 750 छात्र छात्राओं को परेशानियों का सामना करते हुये बड़ी जद्दोजहद के बीच पढ़ाई करना पड़ रहा है पर्याप्त कमरे न होने के कारण स्कूल के बरामदे में कक्षाएँ संचालित हो रही है जहाँ पास ही बने टॉयलेट की बदबू बच्चों को खासा परेशान करती है पर पढ़ लिखकर कुछ बनने का जूनून इन बच्चों को परेशानियों से लड़ना रोजाना सिखा जाता है ऐसा नहीं स्कूल में छात्र छात्राएं ही परेशान हैं यहां पदस्थ शिक्षक भी परेशानियों के बीच अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन पूर्ण ईमानदारी से करते हुए बच्चों को पढ़ा रहे हैं कहने को तो करोड़ों की बिल्डिंग बीते डेढ़ साल से बनकर तैयार है!पर लोकार्पण की सिगुफे बाजी ने अब तक देश के आने वाले भविष्य पर खलल डाल रखा है!नहीं तो यूँ असुविधाओं के बीच बच्चों को अपना भविष्य गढ़ने विवश नहीं होना पड़ता सूत्रों की माने तो जिला कलेक्टर के द्वारा समीक्षा बैठक में सहायक आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी को बनकर तैयार हो चुके नवीन शाला भवनों का लोकार्पण कराकर स्कूल संचालित करने के निर्देश दिये थे लेकिन एक पखवाड़े से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी निर्देश पर अमल नहीं हो सका है!यहां विचारणीय प्रश्न यह है की शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरत के लिये सिस्टम संजीदा क्यों नहीं ,?

### इनका कहना है

शाहपुर में नया स्कूल भवन लगभग डेढ़ वर्ष से बनकर तैयार है बीते सत्र में विक्रमपुर छर्रा टोला में तो साथ ही बने स्कूल भवन का लोकार्पण हो गया लेकिन शाहपुर में अब तक नहीं हो पाया है वर्तमान में छात्र छात्राओं को असुविधाओं के बीच अध्यापन कार्य करने मजबूर होना पड़ रहा है!

**राजेन्द्र तंतवाय**
**( अभिभावक)**

## वसुदेव कुटुम्बकम अवधारणा पर विविध कार्यक्रम आयोजित



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्य प्रदेश उच्चशिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार एवं महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन में महाविद्यालय अमरपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा की अगस्त माह की गतिविधि ह्लवसुदेव कुटुम्बकमह्न अवधारणा पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की पूजा कर पुष्प अर्पित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय डॉ. सीमा डावर, डॉ. सुनील कुमार काकोडिया, डॉ. कंचन ताम्रकर, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. अनिल कुशराम, समीर धुर्वे, कमलेश वास्पे और महाविद्यालय के विद्यार्थी पूर्णिमा विश्वकर्मा, सेवंत परस्ते, कृतिका बर्मन, मनीषा मलगाम एवं भूपत धारवैया आदि के द्वारा वर्तमान और नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से वसुदेव कुटुम्बकम से संबंधित भाषण, संगीत एवं पोस्टर प्रस्तुत कर मानव जीवन में वसुदेव कुटुम्बकम की महत्व को बताया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कंचन ताम्रकर के द्वारा किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सद्भावना दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्य प्रदेश उच्चशिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार एवं महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा डावर के द्वारा 20 अगस्त को महाविद्यालय में रासेयो के तहत राष्ट्रीय सद्भावना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सीमा डावर, डॉ. सुनील कुमार काकोड़िया एवं डॉ. निगहत अफशा खान ने अपने वक्तत्व के माध्यम से सद्भावना दिवस की विशेषता राष्ट्र निर्माण के लिए अनेकता में एकता, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक सद्भावना बनाएं रखने के लिए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



इसके साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी या व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व निर्माण करने के लिए अनुशासित होना अति आवश्यक हैं। यह नियम स्वयं के साथ परिवार, समाज और विभिन्न प्रकार के कार्यों के प्रति आपसी सद्भावना बनाएं रखना महत्वपूर्ण होता हैं। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और रासेयो के स्वयं सेवक छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

## सांसद निधि से बने सामुदायिक भवन निर्माण में वित्तीय गड़बड़ी, ठेकेदार को मिला लाखों का अतिरिक्त भुगतान





**शहपुरा।** शहपुरा नगर परिषद में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता का एक बड़ा मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 7 में सांसद निधि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 11.50 लाख रुपए का प्राक्कलन तैयार किया गया था। इस कार्य का ठेका 7 प्रतिशत कम दर पर ठेकेदार को स्वीकृत किया गया।जानकारी के अनुसार नगर परिषद उपयंत्री द्वारा माप पुस्तिका में दर्ज कर प्रथम देयक के रूप में करीब 4 लाख रुपए का भुगतान किया गया था। निर्माण कार्य संसादनिधि से स्वीकृत था अतः भुगतान कार्यालय जिला योजना डिंडोरी से किया जाना था । लेकिन नगर परिषद का कारनामा एक और दूसरी माप पुस्तिका तैयार करते हुए ठेकेदार को लगभग 10 लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान जिला योजना कार्यालय से करवा दिया गया।नगर परिषद से किये भुगतान को आपस में बंदर बंट कर लिया गया है। इस प्रकार ठेकेदार को कुल 14 लाख रुपए के आसपास राशि का भुगतान हुआ, जबकि वास्तविक देय राशि महज 6 लाख रुपए शेष थी। पूरे प्रकरण की जांच के बाद और भी गंभीर खुलासे होंगे।नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त सूत्रों से यह जानकारी निकल कर आ रही है कि भुगतान संबंधित दस्तावेजों को कार्यालय से गोल कर दिया गया है।आवेदकों का कहना है कि इस वित्तीय अनियमितता में नगर परिषद अध्यक्ष, उपयंत्री एवं पार्षदों की मिलीभगत साफ दिखाई देती है। आरोप है कि परिषद में इस तरह के कई आर्थिक घोटाले लगातार हो रहे हैं, जो जांच का गंभीर विषय है।नगरवासियों द्वारा इस मामले की शिकायत कलेक्टर के नाम एसडीएम शहपुरा को की गई है और विस्तृत स्तर पर जांच की मांग की गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि संभागायुक्त जबलपुर, आयुक्त नगरीय प्रशासन भोपाल एवं एसडीएम शहपुरा को भी सौंपी गई है।जनता ने दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि शासकीय राशि के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक 21 अगस्त को दोपहर 2 बजे तुलसी मानस भवन में होगी। जिला कांग्रेस कार्यालय के अनुसार बैठक में नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल, निवर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पंचायत एवं स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जिला कांग्रेस की इस महत्वपूर्ण बैठक में समस्त कांग्रेसजनों से उपस्थित की अपील की गई है।

### प्रो दिवाकर सिंह राजपूत रोटरी क्लब फिनिक्स द्वारा सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम सिंहपुर निवासी प्रो दिवाकर सिंह राजपूत को रोटरी क्लब ऑफ सागर फिनिक्स द्वारा सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि प्रो राजपूत वर्तमान में सागर विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता पद पर कार्यरत है। उत्कृष्ट सेवाकार्यों पर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रोफेसर राजपूत सत्र 1987-88 से रोटरी क्लब से सक्रिय रूप में जुड़े हुए हैं। डॉ दिवाकर सिंह राजपूत रोटरेक्ट क्लब के संस्थापक सचिव, इंटरेक्ट क्लब के संस्थापक चेयरमैन, रोटरी विलेज कार्प के संस्थापक चेयरमैन, रोटरी क्लब अध्यक्ष रहे हैं और मंडल में भी अपनी सेवायें दे चुके हैं उन्हें अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। रोटरी क्लब के अधिष्ठापन एवं सम्मान समारोह के अवसर पर सागर सांसद डॉ लता वानखेड़े, रोटरी मंडलाध्यक्ष रो सुशील मल्होत्रा, पूर्व मंडलाध्यक्ष रो महेन्द्र मिश्रा, डिजियाना के सी एम डी रो सुखदेव सिंह, निर्वाचित मंडलाध्यक्ष रोटे. मुकेश साहू की उपस्थिति में संपन्न समारोह में डॉ दिवाकर सिंह को सम्मानित किए गए। उनके शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### शांति समिति की बैठक कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में 27 अगस्त को गणेश उत्सव एवं 5 अक्टूबर को ईद-मिलादुन्नबी का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाए जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 22 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।


### शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया है कि बीते दिवस जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट स्कूल मे पदस्थ अतिथि शिक्षिका पर छात्र द्वारा घर जाकर पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना काफी निंदनीय घटना है दोषी सूर्यांश कोचर निवासी कल्याणपुर के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जावे। यह एक अत्यंत गंभीर आपराधिक कृत्य है उक्त घटना से शिक्षकों पर भय एवं असंतोष का माहौल व्याप्त है। जिले मे कई स्थानों पर शिक्षकों के साथ मारपीट की घटना घटित हो चुकी है।

### दशरथ सिंह का स्वर्गवास

**गोटेगांव।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक दशरथ घड़ी साज के संचालक दशरथसिंह का स्वर्गवास हो गया है आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आप के निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय



के लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों व व्यापारियों ने शामिल होकर स्थानीय मुक्तिधाम में दाहसंस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्री दशरथसिंह कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पितकर शोकसंतृप्त परिवारजनों के प्रति शोकसंवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवारजनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

## कलेक्टर ने किया स्कूलों का निरीक्षण, बच्चों से लिखवाया शुद्धलेख

# शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी







बुधवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के साथ शासकीय प्राथमिक शाला गरगटा और एकीकृत शासकीय हाई स्कूल नयाखेड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को विभिन्न विषयों का पाठ पढ़ाया।

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

उन्होंने बच्चों से प्रश्न भी पूछे। कलेक्टर ने एकीकृत शासकीय हाई स्कूल नयाखेड़ा के निरीक्षण के दौरान बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्होंने कक्षा 6 वीं के बच्चों से हिंदी शुद्ध लेख लिखवाए। कलेक्टर ने कक्षा 6 वीं की अन्नया लोधी से सामाजिक विज्ञान के तहत भारत की संस्कृति से जुड़े पाठ को पढ़वाया। श्रीमती पटले ने तीन प्राथमिक शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निरीक्षण के दौरान शाला में छात्रों की उपस्थिति न्यूनतम पाई गई, शाला में दर्ज 14 में से मात्र 6 छात्र उपस्थित पाए गए और शाला में उपस्थित छात्रों का शैक्षणिक स्तर अत्यंत न्यून पाया गया। उक्त कमियों से यह प्रतीत होता है, कि इन प्राथमिक शिक्षकों द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे छात्रों के शैक्षणिक स्तर में सुधार हो। इस पर कलेक्टर ने प्राथमिक शिक्षक एकम सिंह चैधरी, भगत सिंह मेहरा व सुनील उपमन्यु को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### प्राचार्य को कारण बताओं नोटिस

कलेक्टर ने कहा कि स्कूल में शिक्षक ने जो पाठ पढ़ाया है, उसके अलावा हमें घर पर जाकर कम से कम एक घंटा उस विषय की किताब को पढ़ना चाहिए। जिससे हम उस विषय को अच्छे से जान सकते हैं। कक्षा 7 वीं में उन्होंने एक छात्रा से परीक्षा के दौरान प्राप्त प्रतिशत के बारे में पूछा और उसी विषय को अपने समक्ष लिखवाया। उन्होंने बच्चों से शुद्ध हिंदी लेख लिखवाया। उन्होंने बच्चों से आत्मीयता के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा में और अच्छी गुणवत्ता के साथ शिक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाएं। बच्चों द्वारा प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर नहीं देने पर गणित विषय के शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्कूल में दर्ज संख्या के मान से बहुत कम बच्चे उपस्थित पाए जाने तथा शाला का बेहतर संचालन नहीं करने पर प्राचार्य श्रीमती विनीता पांडे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### क्षतिग्रस्त भवनों को किया जाए डिसमेंटल

निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर में एक भवन लगभग 5 वर्षों से क्षतिग्रस्त पाए जाने पर कलेक्टर ने डीपीसी एवं बीआरसी को निर्देश दिए कि इस भवन को डिसमेंटल किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने भी गणित विषय का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि गणित विषय में बच्चों को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। ग्राम गरगटा के शासकीय प्राथमिक शाला में कलेक्टर ने बच्चों से अंग्रेजी एवं अन्य विषयों के संबंध में पाठ पढ़ाया। उन्होंने बच्चों से इंग्लिश, गणित और अन्य विषयों से संबंधित प्रश्न भी पूछे। सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने कहा कि शिक्षक बच्चों की पढ़ाई में विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने यहां बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं देने तथा शाला का बेहतर संचालन नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

उन्होंने ग्राम गरगटा में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता देखी। निरीक्षण के दौरान एक बच्चा मिलन मेहरा पिता रामजी मेहरा उम्र 5 वर्ष के हृदय में छेद होने की बात संज्ञान में आने पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने यहां मौजूद बीएमओ श्रीमती रिचा मिश्रा को मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के अंतर्गत इलाज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीपीसी मनीष चैकसे, बीआरसी ओपी राय, शिक्षक- शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने ग्राम पंचायत तिंदनी में 15 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के निरीक्षण के दौरान मौजूद सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ भवन को पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत तिंदनी की आंगनबाड़ी केन्द्र में निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई, जिसमें 17 बच्चे दर्ज हैं और 8 से 10 बच्चे ही आते हैं। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को दर्ज बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर बच्चों को पोषण युक्त नाश्ता एवं खाना उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा विभाग के पोषण ट्रेकर्स एप पर एंट्री नहीं करने तथा आंगनबाड़ी में रजिस्टर मेनटेन नहीं करने और आंगनबाड़ी का बेहतर संचालन नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम धुवघट गौड़ी में स्वसहायता समूह द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया।

## शिविर लगाकर उपभोक्ताओं से जमा कराई गई बिजली बिल राशि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

विगत 3 वर्षों से बिजली बिल जमा करने में हीलाहवाली करने वाले उपभोक्ताओं की वसूली के बिजली कम्पनी ने शिविर आयोजित कर सभी से समय बिजली भुगतान करने की अपील की। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान और कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले के निर्देश पर 20 अगस्त बुधवार को नरसिंहपुर संचा संधा संभाग अंतर्गत डाँगीढाना वितरण केन्द्र के द्वारा डुडवारा मुख्यालय के अंतर्गत सालीबारा ग्राम में शिविर का आयोजन किया। शिविर में ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने सितम्बर 2023 से बिजली का भरपूर उपयोग तो किया लेकिन बिल जमा करने की मंशा जाहिर नहीं की। ऐसे उपभोक्ता पर वसूली हेतु वितरण केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप यादव ने बताया कि डाँगीढाना वितरण केन्द्र में लगातार शिविर का आयोजन किया जाएगा जिससे कि बिल राशि जमा करवाई जा सके। श्री यादव ने बताया कि डांगीढाना वितरण केन्द्र में 1000 ऐसे उपभोक्ता हैं जिनके ऊपर 36 लाख रुपए की राशि बकाया है केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर वृत के अधीक्षण अभियंता के स्पष्ट निर्देश हैं कि बकायेदारों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाकर राशि जमा करवाई जाए शिविर में वितरण केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप यादव, लाइन परिचारक बिरजू मेहरा ,दिनेश चैधरी, योगेंद्र मीटर रीडर और ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे। जिसमें 30 उपभोक्ताओं से 80 हजार बकाया राशि में से 15 उपभोक्ता ने मौके पर राशि जमा करवाई। इस अवसर पर श्री यादव ने वितरण केन्द्र अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि समय पर बिजली बिलों का भुगतान करे ऊर्जा विभाग अटल ज्योति लाइन 24 घंटे निर्बाध ओर सुचारू रूप से देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## व्यापारी के साथ हुई मारपीट को लेकर दुकानदार संघ ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

बुधवार को करेली में वाहन पार्किंग के विवाद में कानून हाथ में लेकर पुलिस द्वारा युवा व्यवसायी राजन यादव से बर्बरतापूर्वक मारपीट की गई। जिसके विरोध दुकानदार संघ द्वारा ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई। व्यापारी के साथ की गई मारपीट की निंदा करते हुए माँग की गई तथा दोषी पुलिस कर्मियों को शीघ्र निलंबन की कार्यवाही की जावे। जिससे समाज में पुलिस की धूमिल हुई छवि को सुधारा जा सके। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिले की शासन व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। विगत दिवस भी शिक्षिका पर छात्र द्वारा पेट्रोल डालकर जलाकर मारने के प्रयास की घटना ने जनमानस को व्यथित किया है। उक्त घटनाएँ जिले की बेपटरी हो रही कानून व्यवस्था का घोतक है। उपरोक्त घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सार्थक कार्रवाई करें। ज्ञापन मे बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## एक दिवसीय लर्निंग परिवहन लाइसेंस शिविर संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुधवार को जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया के मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चावरपाठा में एक दिवसीय निशुल्क लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की -छात्राओं के निशुल्क एवं छात्रों के शुल्क सहित लर्निंग लाइसेंस बनाए गए साथ ही उन्हें यातायात नियम संबंधी विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गयी इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को राहवीर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जिसके तहत बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को यदि प्रथम एक घंटा के अंदर अस्पताल पहुंचाया जाता है जिससे घायल की जान बच जाती है तो शासन द्वारा उन्हें 25 हजार का इनाम प्रदान किया जाता है साथी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को शासन द्वारा डेढ़ लाख रुपए तक का निशुल्क कैशलेस इलाज मुहैया कराया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला परिवहन कार्यालय से आरटीओ सुपरवाइजर नेतराम प्रजापति, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश चैधरी, भगवान विश्वकर्मा राकेश नेमा, कांस्टेबल सुदामा जाट, प्रजापाल सिंह, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय के पी शाइलवार शिक्षक राजेश सेन, एच डी नोरिया, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## यूरिया को लेकर मची हाहाकार: व्यापारी की गोदाम में मिली 265 बोरी

### कृषि अधिकारी ने 125 कृषकों को बांटी




**तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में यूरिया खाद को लेकर हा हा कार मची हुई है और मुनाफाखोर समय की नजाकत देखते हुए किसानों से मनमाने दामों पर खुले आम यूरिया बेंच रहें हैं। किसानों की पीड़ा को देखते हुए समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन को भी इस विषय को लेकर आगाह भी किया गया है। लेकिन व्यापारियों के हाथ लंबें होने के कारण उचित कार्यवाही भी नहीं हो पाती है।ऐसा ही एक मामला तेंदूखेड़ा के एक व्यापारी की गोदाम में लगभग 265 बोरी यूरिया खाद पकड़ा गया। यह विषय जनप्रतिनिधियों के सामने भी पहुंचा।मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। लेकिन निर्णय यह लिया गया कि यह खाद्य किसानों को ही निर्धारित दर पर ही सार्वजनिक रूप से वितरित किया जाये। चूंकि किसानों को अभी नितांत आवश्यकता है। इसलिए यह निर्णय लिया जा रहा है। दूसरे दिन कृषि अधिकारी बी एम साहू ने क्षेत्र के सभी किसानों को बुलाकर प्रत्येक किसान को दो बोरी के हिसाब से वितरित कर दिया गया। एवं भरोसा दिलाया है कि एक दो दिन में फिर से रैक लगने वाली है निश्चित तौर पर प्रत्येक सोसायटी में खाद पहुंच रही है।सभी को यूरिया डीएपी खाद मिलेगा और यदि किसी भी व्यापारी के यहां इस तरह का खाद जमाखोरी कर निर्धारित मूल्य से अधिक दामों पर नहीं बेचा जा रहा है अधिक दाम वसूले जा रहे हैं तो उसकी लिखित शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। वहीं क्षेत्रीय किसानों ने भी मांग की है कि ऐसे व्यापारियों पर तत्काल प्रभाव से दंडात्मक कार्यवाही की जाये लाइसेंस भी रद्द किया जाए। चूंकि यह एक ही व्यापारी नहीं है और भी ऐसे अनेक व्यापारी हैं जो समय की नजाकत को देखते हुए किसानों का शोषण किया करते हैं।कृषि अधिकारियों को चाहिए कि छापामार शैली में गोदामों का निरीक्षण कर उचित दंडात्मक कार्यवाही की जाये।

## उद्यम हीनता या आलस्य मनुष्य का सबसे बडा शत्रु आर्यिका सिद्धांतमती माताजी

**तेंदूखेड़ा**

दिगम्बर जैन मंदिर तेंदूखेड़ा में आचार्य भगवान विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्या एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज की आज्ञा से जैन मंदिर प्रांगण में 105 आर्यिका सिद्धांत मति माताजी 105 आर्यिका पुनीत मति माताजी 105 आर्यिका विनय मति माताजी का ससंघ वर्षायोग चल रहा है । इस वर्ष चातुर्मासिक महोत्सव में आबाल बृद्ध सभी श्रद्धालु श्रावक श्राविकायें माता जी के मंगल सानिध्य में अपूर्व धर्म लाभ ले रहे हैं वहीं माताजी के मुखारविंद से प्रतिदिन ज्ञान की गंगा निरंतर प्रवाहित हो रहा है ।राजर्षि आचार्य अमोघवर्ष द्वारा रचित प्रश्नोत्तर मालिका ग्रंथ का प्रतिदिन स्वाध्याय माताजी के मुखारविंद से चल रहा है । धर्म सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए माताजी ने कहा कि इस संसार में सार क्या है ।वैसे तो संसार में सार कुछ भी नहीं है परंतु हमारे आचार्य ऋषियों द्वारा प्रणीत शास्त्रों में वर्णित तत्व का चिंतन मनन स्वाध्याय अध्ययन अध्यापन करना सबसे बड़ा सार है। क्योंकि शास्त्रों के स्वाध्याय से परिणामों में निर्मलता एवं मन मे विशुद्धि आती है ।शराब से भी अधिक मोहित करने वाली जीव को भुलाने वाली वस्तु क्या है। इसका उत्तर प्रश्न उत्तर रत्न मालिका से देते हुए बताया गया है कि आसक्ति पर वस्तुओं के प्रति मोह राग शराब से भी अधिक जीव को संसार में भुलाने वाली है। इस जीव का सबसे बड़ा चोर क्या है।मन और इंद्रियों के विषयों में लीन रहना या मन और इंद्रियों के विषय सबसे बड़ी डाकू या चोर हैं । संसार को बढ़ाने वाली बेल क्या है।तृष्णा संसार को बढ़ाने वाली बेल है क्योंकि तृष्णा की खाई कभी भरती नहीं है । मानव का सबसे बडा शत्रु कौन है। उद्यमहीनता या आलस्य मानव का सबसे बडा शत्रु है।इस लोक में जीवो को सबसे बड़ा भय किससे है।इस लोक में जीव को सबसे अधिक भय मरण से होता है । अंधों से भी बडा अंधा कौन है। अंधों से भी बड़ा अंधा वह व्यक्ति है जो जीवन भर विषय कषायों में डूबा रहता है और आत्म कल्याण की ओर अग्रसर नहीं होता है । शूरवीर कौन है जो स्त्रियों के नेत्र रुपी वाणों से पीड़ित नहीं होता है स्त्रियों के नेत्र रुपी वाण विचलित नहीं कर पाते हैं वही सबसे बड़ा शूरवीर है।

## युवक को गोली मारी : जबलपुर रेफर , एफआईआर दर्ज

**नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव थानांतर्गत हिड़की पिपरिया गांव के पास बुधवार को गोली चलने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बताया जा रहा है कि गोली लगने से भाजपा युवा मोर्चा नगर मंत्री अनुराग पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है अचानक चली गोली के बाद आसपास अफरा-तरफरी का माहौल बन गया था। वारदात में अनुराग पटेल के जांघ में गोली लगना बताया गया है। जिसे परिजनों-परिचितों ने गोटेगांव के स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किए। पुलिस के अनुसार गोली चालने में दो लोगों की संलिप्तता की बात सामने आई है। इसमें से एक आरोपी देवेंद्र चौकसे के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है।

## बगलई में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**गोटेगांव**



समीपवर्ती विगत दिवस ग्राम पंचायत बगलई के मंगल भवन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास गोटेगांव इकाई द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश विकास स्तरीय प्रशिक्षण सहकारी साला का आयोजन आयोजित किया गया ! जिसमें विकास खण्ड करेली के नवांकुर संस्था प्रतिनिधि मेन्टर्स तथा नवांकुर सखियों के साथ-साथ प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि एवं माटी कला से जुड़े कलाकारों की सहभागिता से मिट्टी गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया गया। यह अभियान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वाधान में सम्पूर्ण प्रदेश में 10 लाख मिट्टी गणेश-सिद्ध गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है इसी श्रृंखला में गोटेगांव में विकास खण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ग्राम बगलई ऊजर के मंगलभवन में किया गया। उक्त कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में सुनील विश्वकर्मा रहे। कार्यशाला में विकास खण्ड भर के मास्टर ट्रेनर्स की सहभागिता रहे,आगे मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से सेक्टर स्तर पर मिट्टी गणेश-सिद्ध गणेश"प्रतिमा निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा और यह कार्य गाँव-गाँव में अभियान के रूप इन चलाया जाएगा और आने वाली गणेश चतुर्थी में पर्यावरण के अनुकूल एवं प्रदूषण मुक्त गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। आज के माटी गणेश - सिद्ध गणेश कार्यशाला सह प्रशिक्षण में देवदत्त पचौरी अध्यक्ष सरपंच संघ जय नारायण शर्मा जिला समन्वयक नरसिंहपुर प्रतीक दुबे विकासखंड समन्वयक गोटेगांव)नवांकुर संस्था से महेश पटैल सोबरन पटैल सुनील विश्वकर्मा भूपेन्द्र परिहार परामर्शदाता डा आशीष ठाकुर छत्रपाल पटैलविजय पटैल प्रस्फुटन से दशरथ व अन्य ग्रामीण जन विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।